# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

**बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग**

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


पत्रांक.....BRLPS/LSBA-Estt/07/16/780 दिनांक.....20/10/2018

प्रेषक,

**बालामुरुगन डी० ,भा०प्र०से०**
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-मिशन निदेशक

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष,**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार।

**विषय:** **विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर दिनांक 19 नवंबर 2018 को प्रस्तावित राज्यस्तरीय कार्यक्रम अंतर्गत प्रतियोगिताओं के आयोजन के संबंध में।**

महाशय/महाशया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि 19 नवंबर 2018 को विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वारा राज्य स्तर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर राज्य स्तर पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है।

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत समुदायों के व्यवहार में परिवर्तन हेतु उन्हें सूचना शिक्षा एवं संचार के विविध उपकरणों, संचार माध्यमों एवं तकनीक द्वारा उत्प्रेरित एवं जागरूक किया जा रहा है। क्रियान्वित कार्यक्रमों का सतत अनुश्रवण एवं दस्तावेजीकरण इस अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। विश्व शौचालय दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में राज्य स्तर पर दस्तावेजीकरण की दो प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी है। जिले से प्राप्त कृतियों में से श्रेष्ठ प्रथम-तीन को 19 नवंबर 2018 को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

**राज्य स्तर पर दस्तावेजीकरण (Documentation) की दो स्वरूपों में प्रतियोगिता आयोजित की जानी है, जो निम्नवत है-**

(1) जिले में स्वच्छता पर आधारित पुस्तिका का प्रकाशन

**विषय- जिले में स्वच्छता के बढ़ते कदम ।**

(2) जिले में स्वच्छता पर आधारित लघु फिल्म/वृतचित्र का निर्माण

**विषय- जिले में स्वच्छता के बढते कदम।**

अवधि- अधिकतम 4 मिनट ।

**(अंतिम तिथि: 4 नवंबर 2018)**

उपरोक्त पुस्तिका के प्रकाशन एवं लघु फिल्म निर्माण में समुदायों के व्यवहार परिवर्तन के लिए जिले में किये गए प्रयासों, लक्ष्य प्राप्ति के लिए निर्मित रणनीतियों, चुनौतियों, संचालित आईईसी गतिविधियां, क्षमतावर्द्धन, नवोन्मेषी अभियानों, जनभागीदारी एवं समुदायिक लामबंदी के लिए अनुकरणीय प्रयोगों, निगरानी, अनुश्रवण, चैंपियन एवं स्वच्छाग्रहियों की भूमिका, सफलता की कहानियां, उपलिब्धयां, ओडीएफ महोत्सव आयोजन आदि को समाहित किया जाना है।

**उक्त हेतु जिला द्वारा development partners, जीविका इत्यादि से तकनीकी सहयोग लिया जा सकता है।** जिला स्तर पर पुस्तिका प्रकाशन एवं लघु फिल्म निर्माण के लिए सामग्री( Content) चयन, प्रस्तुतिकरण एवं मार्गदर्शन हेतु उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में 3 से 5 सदस्यों का एक समिति गठित की जाये।

उपरोक्त दोनों प्रतियोगिताओं क्रमशः पुस्तिका के प्रकाशन एवं फिल्म निर्माण (दोनों में अलग अलग) में राज्य स्तर पर श्रेष्ठ तीन प्रतिभागी जिलों को पुरस्कृत किये जाने हेतु निम्न प्रोत्साहन राशि निर्धारित किया जाता है-

| स्तर | राशि रुपये में | श्रेणी |
|---|---|---|
| राज्य | 15,000 | प्रथम श्रेणी |
| | 10,000 | द्वितीय श्रेणी |
| | 7,500 | तृतीय श्रेणी |

पुरस्कार राशि के साथ राज्य द्वारा प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा। उपरोक्त प्रतियोगिताओं का कार्य निर्धारित तिथियों के साथ संपन्न किया जाए, तत्संबंधी विवरण पत्र के साथ संलग्न है।

दस्तावेजीकरण (Documentation) अंतर्गत जिले में स्वच्छता के बढ़ते कदम पर आधारित पुस्तिका के प्रकाशन (डिजाईनिंग, छायांकन एवं प्रकाशन सहित) में अधिकतम एक लाख रूपये व्यय किये जा सकते हैं। स्वच्छता पर आधारित लघु फिल्म/वृतचित्र का निर्माण, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग बिहार सरकार (IPRD) से सूचीबद्ध (Empaneled) फिल्म निर्माण एजेन्सी से IPRD द्वारा निर्धारित दर (अधिकतम 4 मिनट के लिए उपयुक्त) पर कराया जाए। उपरोक्त हेतु SBM(G)-IEC मद से व्यय किया जाएगा।

अनुरोध है कि उपरोक्त वर्णित बिंदुओं के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई करने की कृपा करें।

अनुलग्नक : स्वच्छता पर आधारित पुस्तिका (Document) की सामग्री हेतु सुझाव।

विश्वासभाजन

20/10/18

(बालामुरुगन डी०)

पत्रांक......BRLPS/LSBA-Estt/07/15/780 दिनांक......20/10/2018

प्रतिलिपि : सभी जिला समन्वयक, सभी जिला सलाहकार जिला जल एवं स्वच्छता समिति एवं जिला स्वच्छ भारत प्रेरक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित

प्रतिलिपि: सभी निदेशक, ग्राम विकास अभिकरण सह सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: सभी उप विकास आयुक्त सह उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: सचिव, ग्रामीण विकास विभाग को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(बालामुरुगन डी०)

20/10/18

# स्वच्छता पर आधारित Document की सामग्री हेतु सुझाव

| क्र सं | विषय वस्तु | विवरण/अभियुक्ति |
|---|---|---|
| | जिले का परिचय | परिचयात्मक। जिले की भौगोलिक स्थिति का विवरण, जनसंख्या, उद्योग, आर्थिक स्थिति, सेहत से संबंधित आंकड़े, प्रसिद्ध स्थल, ब्लॉक, ग्राम पंचायत, गांव, वार्ड की संख्या इत्यादि |
| 1. | स्वच्छता के लिए व्यवहार परिवर्तन: आवश्यकता क्यों ? | |
| 2. | जिले में स्वच्छता के बढते कदम | स्वच्छता की उपलब्धियां के चार-पांच चरणों में बांट कर विवरण दिया जा सकता है। कब गति में तेजी आई, कौन पहला ओडीएफ गांव/ ग्राम पंचायत/ ब्लॉक बना इत्यादि। Facts and figures का समायोजन। |
| 3. | जिला/ प्रखण्ड को खुले में शौचमुक्त बनाने के लिए रणनीति | |
| 4. | नियोजन | Macro & Micro Planning |
| 5. | मानव संसाधन /क्षमतावर्द्धन | जिला जल स्वच्छता समिति का ढांचा, उपलब्ध मानव संसाधन, उनका क्षमतावर्द्धन, स्वच्छाग्रही, राजमिस्त्री का क्षमतावर्द्धन एवं तैनाती आदि। |
| 6. | कनवर्जेंस | विभिन्न विभागों को एक प्लेटफार्म पर लाना एवं अभिसरण द्वारा उन्हें लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान हेतु सहभागी बनाना, उनका क्षमतावर्द्धन एवं सहयोग। |
| 7. | डेवलपमेंट पार्टनर/सहयोगी संगठन/ सामुदायिक नेताओं को अभियान से जोड़ना एवं उनका योगदान | |
| 8. | आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ़ बनाना | Rural Sanitary Mart/ निर्माण सामग्री की सहज उपलब्धता हेतु जिला/प्रखंड स्तर पर प्रयास |
| 9. | समुदाय आधारित संपूर्ण स्वच्छता (CLTS/ CAS/ Triggering) | |
| 10. | समुदाय आधारित निगरानी | सुबह-शाम निगरानी, रात्रि चौपाल आदि |
| 11. | संचार के विविध संसाधनों का उपयोग /IEC | Radio/TV/ Newspaper/ Audio-Visual Campaign/ Wall writing/Wall |

| | | |
|---|---|---|
| | | Painting/ Swachhta Rath/BCC/ IPC/ लोक माध्यम जैसे नुक्कड़ नाटक आदि |
| 12. | नवोन्मेषी अभियान/ नवाचार | जिले में संचालित ऐसे Innovative अभियान जो Unique हों। ऐसे सभी अभियानों को विस्तार से लिखें।<br>(जैसे-सत्याग्रह केंद्र स्वच्छता अदालत, कचरा मैराथन, स्वच्छता पार्क, स्वच्छता मैराथन/ लंबी पदयात्रा, डाटा इंटरी के लिए जुनूनी जत्था, घर-घर दस्तक, घर घर स्वच्छता की पाती डाक से, जिद करो अभियान आदि.... ) |
| 13. | जिले एवं राज्य के अभियान का क्रियान्वयन | सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह, स्वच्छता ही सेवा, मिलकर बनाएंगे स्वच्छ बिहार, स्वच्छता सर्वेक्षण (ग्रामीण), स्वच्छ जीविका-स्वच्छ बिहार आदि अभियान अंतर्गत जिले में हुई गतिविधियों का फोटो सहित रिपोर्ट |
| 14. | 2 अक्टूबर 2018 के लिए ओडीएफ अभियान | 16 सितंबर से 2 अक्टूबर 2018 तक ODF हुए जिला/ब्लॉक/ ग्राम पंचायत/ गांव /वार्ड की संख्या, अभियान के लिए बनायी गयी कार्य योजना, क्रियान्वयन, ODF उत्सव के फोटो के साथ रिपोर्ट। |
| 15. | निगरानी /अनुश्रवण | |
| 16. | स्वच्छता के चैंपियन | |
| 17. | सफलता की कहानी | |
| 18. | जिले की महत्वपूर्ण उपलब्धियां | |
| 19. | अगला कदम ( way forward) इत्यादि | |
| 20. | पेपर कंटिग का कोलाज | |

नोट- संबंधित आलेख के साथ अच्छे फोटो का संयोजन करें। पुरस्कार का निर्धारण पुस्तक की सामग्री (Content), प्रस्तुतिकरण(Presentation), रिजोल्यूशन एवं समृद्ध फोटो, आलेख एवं फोटो के साथ तारतम्यता, पठनीय लेखन शैली आदि के आधार पर किया जाएगा।

विशेष जानकारी के लिए सुमन लाल कर्ण (7983830114), झिनुक राय (9431041622), अनुपम कुमार सिन्हा ( 6201067108) से संपर्क किया जा सकता है।